पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पद्मश्री डा0 एम0सी0 पंत के निधन पर शोक व्यक्त किया

लखनऊः 14 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने पद्मश्री डा0 एम0सी0 पंत के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल की ओर से राजभवन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया गया।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि पद्मश्री डा0 एम0सी0 पंत की चिकित्सा के क्षेत्र में, विशेषकर कैंसर रोग के प्रति दी गई सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। डाॅ0 पंत स्वयं कैंसर रोग के विशेषज्ञ थे परन्तु उनका निधन कैंसर रोग के कारण हुआ। उनके निधन से चिकित्सा जगत की अपूरणीय क्षति हुई है।

श्री नाईक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने और परिजनों को इस दारूण दुःख को सहन करने की शक्ति की प्रार्थना की है।